# कृषि विज्ञान केंद्र द्वितीय मझरा को मिला प्रशासनिक भवन

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्यमंत्री अजय मिश्र ने किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र द्वितीय मझरा को प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप सिंह और राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी।

लोकार्पण समारोह में कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य विभिन्न फसलों का पिछली सरकारों की तुलना में ज्यादा दिया गया है। सभी अनुदान किसानों के खाते में ऑनलाइन भेजा जा रहा है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है।

कृषि विज्ञान केंद्रों की नई श्रृंखला ने किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ उन्हें उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने में मदद की है। कृषि विकास में कृषि विज्ञान केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कृषि अनुसंधान जमीन तक पहुंचाने, अच्छी किस्मों के बीज किसानों को समय पर उपलब्ध कराने, उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने में उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत सफलता पाई है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस अवसर पर विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल सिंह, सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ. आरके सिंह आदि।

**इन किसानों को मिला योजनाओं का लाभ एवं सम्मान**: सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत लखविन्दर सिंह, कुलदीप कौर, करुणेश कुमार को कस्टम हायरिंग सेन्टर और किसान चन्द्रभूषण सिंह, मधुबाला, मंजू, अटलपाल सिंह, रीता देवी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान संतलाल आदि को मंत्री ने सम्मानित किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र का लोकार्पण, नई तकनीकियों का किसानों को मिलेगा लाभ

संसू, महेवागंज : बुधवार को कृषि शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही शहर से सटे मंझरा फार्म में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यूपी का यह पहला जिला है, जहां दो कृषि विज्ञान केंद्र हैं। किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। शोधित बीज मिलेंगे। नई तकनीकियों की जानकारी मिलेगी। इससे फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। फसल में लगने वाली बीमारियों और कीट पतंगों का निवारण होगा। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि लोगों ने हमें काम के लिए नेता बनाया है। अगर उनके काम ही न आऊं तो व्यर्थ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अभी जनहित में बहुत काम करने है। सदर विधायक योगेश वर्मा और श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने भी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का बखान किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी होने पर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन भी किसानों को दिखाया गया। प्रिंसिपल डा. दिनेश सिंह ने कहा कि खेती किसानी अब आसान हो जाएगी। किसानों की भाग दौड़ बचेगी। मशरूम, गन्ना, मटर, धान गेहूं के अलावा अन्य फसलों के उत्पादन तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण किसानों को मिलेगा। यहां डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ डा. अनिल सिंह, डा. संजय पांडेय, डा. विवेक पांडेय आदि मौजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते कृषि शिक्षा मंत्री सूर्य प्रताप शाही • जागरण

## विक्रम साराभाई विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

संसू, पड़रियातुला (लखीमपुर) : ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय एसएमसी उन्मुखीकरण संगोष्ठी बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में हुई। साथ ही विक्रम सारा भाई विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन अतिथि गोला विधायक अमन गिरी ने किया। संगोष्ठी के उद्देश्य बच्चों को विद्यालय में मिलने वाली सुविधा निशुल्क पाठ्य पुस्तक, एमडीएम, डीबीटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अध्यापक कुलदीप सिंह को बेहतर पठन पाठन व विद्यालय में समस्त वालपेंटिग खुद के द्वारा तैयार करने पर सम्मानित किया गया। डॉक्टर अनुपमा मिश्रा की लिखी पत्रिका गीतमाला का भी विमोचन हुआ।

## क्रिटिकल प्रसूताओं के लिए बीस शैय्या वार्ड का लोकार्पण

संसू, धौरहरा : सर्जरी अथवा कठिन स्थिति वाली प्रसूताओं को अब जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। धौरहरा सीएचसी में ही ऐसी स्थितियों के लिए अलग बीस बेड का वार्ड बन गया है। बुधवार को सांसद रेखा वर्मा ने इसका लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डा रवि सिंह के अनुसार रंजीतगंज और पड़री में भी इसी तरह के छह शैय्या के वार्ड बनाये गए हैं। सांसद ने तीनों का लोकार्पण धौरहरा सीएचसी से किया है। इसी के साथ अनुबंध आधारित महिला सर्जन की नियुक्ति भी धौरहरा में की गई है। करीब चार बजे पहुंच कर सीएमओ डा संतोष गुप्ता ने वार्ड और अस्पताल का जायजा लिया। पांच बजे के बाद पहुंची सांसद ने लोकार्पण के बाद कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश और देश में ऐसे अनगिनत कल्याणकारी काम किये हैं। वहीं लोकार्पण के लिए आयोजित कार्यक्रम में जनता का अभाव दिखा। लेकिन स्वास्थ्य कर्मी पंडाल की इस कमी को पूरा करते रहे।

**Dainik Jagaran**